कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 21-08-2024

विषय:- **पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा उ0प्र0 पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा-2023 की लिखित परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु पुलिस अधिकारियों व थाना प्रभारियों संग की गयी गोष्ठी।**

- **सीपी द्वारा आरक्षी भर्ती परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में की गयी गोष्ठी**
- **आरक्षी भर्ती परीक्षा में भर्ती बोर्ड के दिशा-निर्देशों का होगा सख्ती से पालन**
- **विगत 05 वर्षों में पकड़े गये नकल माफियाओं पर है पुलिस की सतर्क दृष्टि**
- **परीक्षा केन्द्रों के आस पास महत्वपूर्ण व संवेदनशील स्थानों पर तैनात होगी यूपी-112 की गाड़ियाँ**
- **सोशल मीडिया पर रहेगी सख्त नजर, परीक्षा से सम्बन्धित किसी भी अफवाह फैलाने पर होगी विधिसम्मत कार्यवाही**
- **यातायात के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों व आवागमन मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे व चिन्हित हॉटस्पाट्स पर ड्रोन कैमरों से होगी निगरानी**
- **अभ्यर्थियों व अभिभावकों के आवागमन के दृष्टिगत रेलवे/बस स्टेशन, टैक्सी स्टैण्ड तथा होटल/रेस्टोरेन्टों पर भीड़ प्रबन्ध हेतु कार्ययोजना बनाकर रखी जायेगी सतर्क दृष्टि**
- **सुरक्षा प्रबन्धों के साथ-साथ परीक्षार्थियों की सुविधाओं का भी रखा जाये ध्यान**

आज दिनांक 21-08-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा कैम्प कार्यालय स्थित सभागार में उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड लखनऊ द्वारा आयोजित उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती-2023 लिखित परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराये जाने हेतु गोष्ठी कि गयी। परीक्षा प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी, अव्यवस्था या अनुचित गतिविधियों को रोकने, परीक्षा केन्द्रों पर स्थापित CCTV कैमरों की निरंतर निगरानी एवं अभ्यर्थियों के आवागण के दृष्टिगत व पुलिस के अधिकारी/कर्मचारी गण को समय से ड्यूटी पर पहुंचने व परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के सम्बन्ध में सभी अधिकारी/कर्मचारीगणों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान संयुक्त पुलिस आयुक्त डॉ0 के0 एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त श्री एस0 चन्नप्पा, समस्त पुलिस उपायुक्त, अपर पुलिस उपायुक्त, सहायक पुलिस आयुक्त व थाना प्रभारी मौजूद रहें।

अन्य निर्देश-

- परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था एवं यातायात के दृष्टिगत परीक्षा केन्द्रों के आवागमन मार्गो पर सीसीटीवी व चिन्हित हॉटस्पाट्स पर ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाए।
- परीक्षा केन्द्र का स्वंय स्थलीय भ्रमण करके परीक्षा केन्द्रों पर सम्भावित भीड़ व आगणित परिस्थितियों के अनुरूप अपेक्षित संसाधनों तथा आवश्यकतानुरूप समुचित पुलिस बल उपलब्ध कराकर सुरक्षा संबंधित प्रभावी कार्यवाही की जाए।
- परीक्षा के पूर्व से लेकर परीक्षा समाप्ति के पश्चात तक अभ्यर्थियों व अभिभावकों के जनपदों से प्रस्थान की स्थिति का समुचित आकलन कर प्रभावी पुलिस प्रबन्ध किया जाए।
- परीक्षा केन्द्रों तथा रेलवे स्टेशन एवं बस/टैक्सी स्टैण्ड तथा होटल/रेस्टोरेन्ट पर भीड़ प्रबन्ध हेतु कार्य योजना बनाकर व्यवस्थापन किया जाए तथा वहां के संचालकों प्रबन्धकों से वार्ता कर सतर्क दृष्टि रखी जाए।
- जिन थाना क्षेत्रों में परीक्षा केन्द्र है वहां यूपी-112/पीरआरवी के वाहनों के चार्ट में परीक्षा केन्द्रों के आसपास महत्वपूर्ण व संवेदनशील स्थानों को भी सम्मलित किया जाए।
- परीक्षा के दृष्टिगत असमाजिक तत्वों का चिन्हिकरण करते हुए अभिसूचना विभाग तथा स्थानीय पुलिस द्वारा परस्पर समन्वय स्थापित कर सतर्कता बरती जाए।
- परीक्षा केन्द्रों के आसपास ध्वनि विस्तारक यंत्रों का प्रयोग तथा परीक्षा परिसर में मोबाइल फोन आईटी गैजेटस् एवं अन्य आपत्तिजनक सामाग्री ले जाने के संबंध में दिए गये दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए।
- परीक्षा केन्द्रों के प्रवेश स्थलों पर अभ्यर्थियों की तलाशी में सहयोग हेतु पर्याप्त संख्या में पुलिसकर्मी (महिला/पुरूष कर्मी) तैनात किये जाए।
- परीक्षा केन्द्रों के आसपास स्थित फोटोकॉपी मशीन की दुकान/साइबर कैफे/मोटर साइकिल स्टैण्ट आदि के आस पास प्रभावी चेकिंग की जाए।
- परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्न पत्रों को परीक्षा केन्द्र तक पहुचाने एवं उत्तर पुस्तिकाओं को कोषागार तक पहुंचाने हेतु पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किया जाए।
- परीक्षा में उत्तर प्रदेश के अतिरिक्त के अन्य राज्यों के अभ्यर्थी भी परीक्षा हेतु आवागमण करेंगे जिसके दृष्टिगत रेलवे एवं राज्य परिवहन निगम के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर प्रभावी किये जाए।
- सोशल मीडिया सेल व अभिसूचना तंत्र को अधिक सक्रियता व सतर्कता बरते हुए परीक्षा से सम्बन्धित अफवाहों का तत्काल संज्ञान लेते हुए विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित किये जाए।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।